Regarding need to develop Dhule Airport into a full-fledged airport and start commercial and cargo flight services-Laid

डॉ.बच्छाव शोभा दिनेश **(धुले) :** धुले जिला कपड़ा, खाद्य-तेल और विरासत पर्यटन के सबसे तेजी से बढ़ते केंद्रों में से एक है । किंतु , यह लंबे समय से हवाई संपर्क की कमी से बाधित है । आज धुले दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत प्रस्तावित निवेश नोड्स और राज्य सरकार के तहत टेक्सटाइल पार्कों का केंद्र है । बढ़ते उद्योगों का समर्थन करने के लिए, वाणिज्यिक यात्री और कार्गो उड़ानों को संचालित करना अत्यंत आवश्यक है । वर्तमान में, धुले हवाई अड्डा एक मामूली हवाई पट्टी है जो केवल गैर-अनुसूचित उड़ानों के साथ घरेलू हवाई अड्डे के रूप में कार्य करती है । हवाई अड्डे को पूरी तरह से चालू करने की तत्काल आवश्यकता है । एक पूर्ण रूप से संचालित हवाई अड्डा न केवल धुले में उद्योग को समर्थन देगा, बल्कि आस-पास के शहरों से यात्रियों के लिए भी काम करेगा, जिससे पूरे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी । सरकार ने दावा किया है कि वह 2047 तक हवाई अड्डों की संख्या दोगुना करेगी । मैं सरकार से अपने दावे को पूरा करने का आग्रह करती हूं । मैं मांग करती हूं कि सरकार उड़े देश का आम नागरिक, उड़ान योजना के तहत धुले हवाई अड्डे का विकास करे और धुले हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक यात्री और कार्गो उड़ानें शुरू करे ।